प्रेस नोट संख्या 70

दिनांक 28.01.2025

सराहनीय कार्य थाना अमेठी व स्वाट टीम जनपद अमेठी

पुलिस मुठभेड़ में हत्या का प्रयास करने वाला अन्तर्जनपदीय शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा, 02 खोखा कारतूस, 315 बोर व 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 28.01.2025 को श्री बृजेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना अमेठी मय हमराही व उ0नि0 श्री अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के क्षेत्र में मौजूद थे तभी सूचना मिली कि पुलिस टीम द्वारा देवरी बार्डर पर वाहन चेकिंग की जा रही थी उसी दौरान अपाचे मोटरसाइकिल सवार एक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया तो वहां से बचकर भाग निकला, चेकिंग टीम द्वारा तत्काल प्रभारी निरीक्षक अमेठी को सूचित किया गया। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अमेठी व स्वाट टीम प्रभारी द्वारा मालती नदी पुल ककवा के पास समय करीब 09.05 बजे रात्रि में घेराबंदी की गयी। कुछ समय बाद अपाचे मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर करने पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। मोटरसाइकिल के पास जाकर देखा गया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में गिरा हुआ था पुलिस टीम द्वारा तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा, 02 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। घायल अभियुक्त से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम नितिन उर्फ दन्ना पासी पुत्र राम गनेश पासी निवासी दुर्गापासी का पुरवा मजरे जंगल रामनगर थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष बताया। अपाचे मोटरसाइकिल संख्या UP72 BF 7349 के कागज मांगने पर दिखा न सका। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया गया।

दिनांक 23.01.2025 को वादी श्री चन्द्रशेखर सरोज पुत्र कालिका प्रसाद निवासी ग्राम मुराई का पुरवा मजरे जंगलरामनगर थाना व जनपद अमेठी को अभियुक्त उपरोक्त द्वारा जान से मारने की नियत से अपने साथी रविन्द्र के साथ मिलकर वादी के दाहिने हाथ में गोली मारकर भाग जाने के संबंध में वादी की तहरीर पर थाना अमेठी पर मु0अ0सं0 17/25 धारा 109 बीएनएस पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त नितिन उर्फ दन्ना पासी को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर थाना अमेठी द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त उपरोक्त थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली में भी वांछित अभियुक्त है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

- नितिन उर्फ दन्ना पासी पुत्र राम गनेश पासी निवासी दुर्गापासी का पुरवा मजरे जंगल रामनगर थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष।

बरामदगी-

1. 01 अदद तमंचा, 02 खोखा कारतूस 315 बोर।
2. घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल संख्या UP72 BF 7349।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

1. मु0अ0सं0 20/25 धारा 109(1) बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अमेठी जनपद अमेठी।
2. अपाचे मोटरसाइकिल संख्या UP72 BF 7349। (धारा 207 एम0वी0 एक्ट)

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री बृजेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना अमेठी जनपद अमेठी।
2. श्री अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 रामकेश यादव थाना अमेठी जनपद अमेठी।
4. हे0का0 अनिरुद्ध यादव थाना अमेठी जनपद अमेठी।
5. हे0का0 प्रदीप तिवारी थाना अमेठी जनपद अमेठी।
6. हे0का0 संदीप मिश्रा थाना अमेठी जनपद अमेठी।
7. हे0का0 आलोक सिंह स्वाट टीम जनपद अमेठी।झ
8. हे0का0 आशीष सिंह चौहान सर्विलांस टीम जनपद अमेठी।
9. का0 जय हिन्द स्वाट टीम जनपद अमेठी।
10. का0 सिकन्दर स्वाट टीम जनपद अमेठी।
11. का0 कपिल सर्विलांस टीम जनपद अमेठी।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 1120/14 धारा 120 बी, 147, 148, 149, 188, 302, 307, 332, 336,427, 504,506 भादवि व 7 सीएल एक्ट व 25/27 ए एक्ट थाना व जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 197/2018 धारा 323, 452, 504, 506 भादवि थाना व जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 01/25 धारा 191(2), 191(3), 190, 109(1), 117(2), 351(3), 127(2), 352, 60(1) बीएनएस थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली।
4. मु0अ0सं0 17/25 धारा 109 बी0एन0एस0 थाना अमेठी जनपद अमेठी।